

इस टीम ने हाल के वर्षों में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं। मुझे उम्मीद है कि आने वाले रोमांचक और चुनौतीपूर्ण दौर में मैं कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों के लिए उपयोगी योगदान दे सकूंगा। **– माइक हसी**

ऑस्ट्रेलियाई सलाहकार कोच, इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

शाबी अलोंसो



चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में अच्छी शुरुआत की है। टीम नौ मुकाबलों में 16 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चेल्सी के मुख्य कोच शाबी अलोंसो ने कहा कि प्रीमियर लीग बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता है और यहां कोई भी मुकाबला आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, चेल्सी से जुड़ने से पहले मुझे इस लीग की चुनौती का अंदाजा था, लेकिन यहां आने के बाद सभी टीमों और खिलाड़ियों का स्तर देखने को मिला। आप हर सप्ताह ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं, जो या तो खिताब की दौड़ में होती है या फिर लीग में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही होती है।

क्या आप जानते हैं ?... विराट कोहली वनडे क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

वेलिंगटन में दूसरे वनडे में तेज गेंदबाजों के दम पर बढ़त दोगुनी करने उतरेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, 6 नवंबर। भारत के अनुभवहीन लेकिन प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शनिवार को यहां दूसरे वनडे में चौतरफा आक्रमण से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर श्रृंखला में भारत की बढत दुगुनी करने के इरादे से उतरेंगे। श्रृंखला से पहले भारत के तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता पर काफी सवाल उठे थे लेकिन गुरनूर बराड़, अंशुल कम्बोज और अर्शदीप सिंह ने पहले मैच में यादगार प्रदर्शन करके सभी की धारणा बदल दी। अभी तक हरफनमौलाओं के चयन पर जोर देने वाले मुख्य कोच गौतम गंभीर की पसंद भी इससे बदलती नजर आ रही है। ईडन पार्क की बाउंड्री छोटी और सीधी थी लेकिन यहां सीमारेखा छोटी होने के बावजूद आकार चौकोर है जिसके कारण तेज गेंदबाजों को अपनी लैंग्थ में बदलाव करना होगा। अर्शदीप सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने आकलैंड में मेजबान टीम पर दबाव बनाया लेकिन यहां मैदान के आकार को देखते हुए उन्हें ''फुललैंग्थ'' गेंद डालनी होगी। अर्शदीप ने पहले मैच में सबसे ज्यादा विकेट लिये लेकिन कम्बोज ने 46 डॉट गेंद डाली।



उन्होंने लगातार टेस्ट मैच वाली लैंग्थ से गेंदबाजी की जिसका फायदा मिला। ईडन पार्क में अर्शदीप और आकिब नबी ने गेंदबाजी का आगाज किया लेकिन कम्बोज की गेंदों को मिल रही मूवमेंट को देखते हुए उन्हें नयी गेंद सौंपी जा सकती है। चारों तेज गेंदबाजों में पहले मैच में सिर्फ नबी को विकेट नहीं मिला।

उनकी जगह मोहम्मद सिराज को उतारा जा सकता है बशर्ते वह उपलब्ध हों। फील्डिंग कोच शुभदीप घोष ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मुझे नहीं पता , यह टीम प्रबंधन तय करेगा।'' बल्लेबाजी में रोहित शर्मा अच्छी पारी खेलना चाहेंगे जो पहले मैच में पहले ओवर में ही आउट हो गए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया था।

विराट कोहली ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी मर्जी से बाउंड्री लगाकर भारत को लक्ष्य का पीछा करके जीत दिलाने में मदद की। बाकी भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि शॉर्ट गेंद ने परेशान किया और उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। श्रेयस अय्यर कई शॉर्ट गेंद का सामना करने के बाद सस्ते में आउट हो गए। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज भी शॉर्ट गेंदों के खिलाफ जूझते नजर आये। कप्तान मिशेल सेंटनेर ने मैच के बाद स्वीकार किया कि भारतीय तेज गेंदबाजों की गेंदों की अतिरिक्त उछाल का वे सामना नहीं कर सके। मैच से पहले न्यूजीलैंड को करारा झटका भी लगा जब उसके आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कोंवे अभ्यास के दौरान मैट हेनरी से हुई टक्कर के कारण बाकी मैचों के बाहर हो गए।

हेनरी को हालांकि चोट नहीं लगी है और वह चयन के लिये उपलब्ध होंगे।

टीमें : भारत: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अंशुल कंबोज, औकिब नबी, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, इशान किशन, कुलदीप यादव, नमन धीर।

न्यूजीलैंड: मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट, हेनरी निकोल्स, टॉम लैथम (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, माइकल ब्रैसवेल, जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ।

ऋषभ पंत चोट के कारण भारत-ए मैच से बाहर

नई दिल्ली, 6 नवंबर। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच शनिवार से लिंकन में शुरू होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट से बाहर रहेंगे, क्योंकि वह अभी भी साइड स्ट्रेन (पसलियों की मांसपेशियों में खिंचाव) से उबर रहे हैं। भारत ए के मैच से पंत के बाहर रहने की वजह से, 19 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में उनके खेलने पर संदेह पैदा हो गया है। पंत फिलहाल बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।

सुपर ओवर में दिशा क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की रोमांचक जीत



जयपुर, 6 नवंबर। यू-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में दिशा क्रिकेट अकादमी ने सुपर ओवर में एसएचएस क्रिकेट अकादमी को हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिशा क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन बनाए। हर्षित सैनी ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। एसएचएस क्रिकेट अकादमी की ओर से अधिराज सिंह ने 3 विकेट हासिल किए। जवाब में एसएचएस क्रिकेट अकादमी ने भी 40 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन बनाकर मुकाबला बराबरी पर समाप्त किया। गौरव प्रजापत ने सर्वाधिक 57 रन की पारी खेली। दिशा क्रिकेट अकादमी की ओर से वैभव खटाना ने 3 तथा नंदीश ने 2 विकेट लिए। मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। एसएचएस क्रिकेट अकादमी ने सुपर ओवर में 2 विकेट खोकर 11 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिशा क्रिकेट अकादमी ने बिना विकेट खोए 15 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। दिशा क्रिकेट अकादमी के वैभव खटाना को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

एसजे एकेडमी ने सुपर ओवर में दर्ज की रोमांचक जीत





जयपुर, 6 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में एसजे पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने सुपर ओवर में डायमंड क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीत दर्ज की। निर्धारित 20 ओवर के मुकाबले में दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहने के बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ। एसजे पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 110 रन बनाए। टीम की ओर से आदर्श ने 47 रन की शानदार पारी खेली। सम्यक जैन ने 39 रन का योगदान दिया। डायमंड क्रिकेट एकेडमी की ओर से अग्रवाल ने 3 विकेट लिए। जवाब में डायमंड क्रिकेट एकेडमी ने भी निर्धारित 20 ओवर में 110 रन बनाकर मुकाबला टाई कर दिया। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डायमंड क्रिकेट एकेडमी ने 10 रन का लक्ष्य दिया, जिसे एसजे पब्लिक स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने 2 गेंद शेष रहते 11 रन बनाकर हासिल कर लिया और रोमांचक जीत दर्ज की। गेंदबाजी में एसजे एकेडमी के सिहान अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। सम्यक जैन ने भी 2 विकेट लिए।

मो. शमी बंगाल टीम में शामिल

नई दिल्ली, 6 नवंबर। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को 14 नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अभिमन्यु ईश्वरन घरेलू टी20 टूर्नामेंट में टीम की कप्तानी करेंगे। बंगाल 14 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एलीट ग्रुप ए में कर्नाटक के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल और रणजी ट्रॉफी में मौजूदा कप्तान श्रेयस गोपाल को शुक्रवार को 14 नवंबर से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए कर्नाटक की टीम से बाहर कर दिया गया। इस टीम में बंगाल अंडर-23 के कप्तान शशांक सिंह भी शामिल हैं, जो सीनियर स्तर पर पदार्पण करेंगे। भारतीय तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को भी टीम में जगह दी गई है। बंगाल को ग्रुप ए में कर्नाटक, चंडीगढ़, झारखंड, मिजोरम, बड़ौदा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के साथ रखा गया है। ग्रुप ए के सभी लीग मैच मुंबई में खेले जाएंगे।

साइमन कीन और फ्रेसर शीट चोट के कारण हुए बाहर

नई दिल्ली, 6 नवंबर। भारत ए के खिलाफ तीसरे और आखिरी अनौपचारिक टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड ए टीम के तेज गेंदबाज साइमन कीन और फ्रेसर शीट चोटों के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। सीरीज के पहले दोनों मैच ड्रॉ रहे थे। कीन को पिछले मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लगी जबकि शीट को बाईं बाजू में चोट लगी है। दोनों अगले तीन चार सप्ताह में अपनी घरेलू टीमों के लिये वापसी करेंगे। फ्रेसर शीट ने इंडिया ए के खिलाफ पहले और दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहले मैच में दो और दूसरे मैच में 4 विकेट हासिल किए। साइमन कीन ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 5 विकेट लिए थे। दोनों अगले तीन से चार हफ्तों में अपनी घरेलू टीमों के लिए वापसी करेंगे।

युवा ओलंपिक में तन्वी पत्री ने जीता रजत पदक, फाइनल में चीन की झांग यी शिन से हारी

डकार, 6 नवंबर। भारत की तन्वी पत्री को युवा ओलंपिक खेल 2026 की बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में गुरुवार को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। खिताबी मुकाबले में उन्हें चीन की मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन झांग यी शिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पहले गेम में शुरुआती लय हासिल करने में थोड़ा समय लिया, लेकिन इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर 3-5 से 10-5 की बढ़त बना ली। उनके पंच टॉस और नेट पर शानदार नियंत्रण ने झांग को दबाव में रखा। भारतीय खिलाड़ी ने 25 मिनट में पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में तन्वी ने 4-0 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। हालांकि, कोर्ट के पीछे से आने वाले हवा के रुख के कारण उनके क्लियर शॉट्स पर नियंत्रण प्रभावित हुआ। मध्यांतर के बाद झांग ने मुकाबले



पर पकड़ मजबूत की और दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक गेम में झांग ने अपने क्रॉस-कोर्ट ड्रॉप शॉट्स के दम पर शुरुआत से ही बढ़त बना ली और स्कोर 19-10 तक पहुंचा दिया। तन्वी ने हार नहीं मानी और लगातार अंक जुटाते हुए अंतर 19-15 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी के एक क्रॉस-कोर्ट स्मैश के बाहर जाने से झांग को पांच मैच प्वाइंट मिल गए। तन्वी ने शानदार संघर्ष करते हुए पांचों मैच प्वाइंट बचा लिए और स्वर्ण पदक जीतने के लिए तीन मौके भी बनाए। लेकिन झांग के अधिक अनुभव ने अंततः निर्णायक भूमिका निभाई और उन्होंने खिताब अपने नाम कर लिया। इस रजत पदक के साथ तन्वी युवा ओलंपिक में बैडमिंटन पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने सेमीफाइनल में जापान की युजुनो वातानाबे को 21-14, 11-21, 21-19 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वातानाबे ने कांस्य पदक जीता। तन्वी का रजत पदक युवा ओलंपिक में भारत के बैडमिंटन पदकों की सूची में शामिल हो गया है। इससे पहले एचएस प्रणय ने 2010 और लक्ष्य सेन ने 2018 में पुरुष एकल स्पर्धा में पदक जीते थे।

चोट के कारण भारत के खिलाफ पूरी वनडे सीरीज से बाहर हुए डेवोन कॉनवे



नई दिल्ली, 6 नवंबर। भारत के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड को एक बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान चोट (कन्कशन) लगने के कारण, आक्रामक बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को सीरीज के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया है। पहले वनडे से ठीक पहले हुई इस घटना के बाद, कॉनवे को जांच के लिए ऑकलैंड के एक अस्पताल के एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी विभाग में ले जाना पड़ा था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज निक केली, जिन्हें न्यूजीलैंड की चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया था, शुक्रवार को वेलिंगटन में टीम से जुड़ेंगे। वे शनिवार को होने वाले सीरीज के दूसरे मैच में कॉनवे की जगह लेंगे।

नेपाल में खेला जाएगा वर्ल्ड कप क्वालीफायर प्लेऑफ, 4 स्थान के लिये भिड़ेंगी 8 टीमें : आईसीसी

नई दिल्ली, 6 नवंबर। आईसीसी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुषों का वनडे वर्ल्ड कप क्वालीफायर प्लेऑफ दिसंबर में नेपाल में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 4 दिसंबर को होगी, जिसमें मेजबान नेपाल का मुकाबला त्रिभुवन यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड पर इटली से होगा। इसी दिन, मुलापानी क्रिकेट ग्राउंड पर नामीबिया का सामना युगांडा से होगा। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य चार टीमें कनाडा, कुवैत, जर्सी और संयुक्त अरब अमीरात हैं। ये आठ टीमें 2027 वनडे वर्ल्ड कप क्वालीफायर में उपलब्ध आखिरी चार स्थानों के लिए मुकाबला करेंगी। 10 टीमों वाले इस क्वालीफायर में आयरलैंड और वेस्टइंडीज पहले से ही शामिल हैं। ये दोनों टीमें, वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने वाली आठ टीमों के बाहर, सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीमें हैं (इसमें पूर्ण सदस्य देश और मेजबान दक्षिण अफ्रीका व जिम्बाब्वे शामिल नहीं हैं)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 से अमेरिका, स्कॉटलैंड, नीदरलैंड और ओमान ने क्वालीफाई किया है। 10 टीमों वाले इस ग्लोबल क्वालीफायर की विजेता टीम सीधे उस वनडे वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में पहुंच जाएगी, जो अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाला है। ग्लोबल क्वालीफायर में दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें सुपर सीरीज में प्रवेश करेंगी।

सीडब्ल्यूआई ने 2026-27 के अंतर्राष्ट्रीय रिटेनर अनुबंध घोषित किए

30 खिलाड़ियों को मिली जगह

नई दिल्ली, 6 नवंबर। क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने 2026-27 सीज़न के लिए अपने इंटरनेशनल रिटेनर कॉन्ट्रैक्ट्स की घोषणा कर दी है, जिसमें सीनियर पुरुष और महिला टीमों में 15-15 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा, तीन पुरुष क्रिकेटरों को डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं। ये कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर 2026 से 30 सितंबर 2027 तक लागू रहेंगे। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, शाई होप पुरुष वनडे और टी 20 टीमों के कप्तान बने रहेंगे, रोस्टन चेस टेस्ट टीम की कमान संभालेंगे, और हेली मैथ्यूज सीनियर महिला टीम की कप्तान बनी रहेंगी। 2025-26 के शानदार सीज़न के बाद, जॉन कैंपबेल को 2019 के बाद पहली बार इंटरनेशनल रिटेनर कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कैंपबेल ने पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक (नाबाद 115 रन) लगाया था। इसके अलावा, छह साल बाद वनडे टीम में वापसी करते हुए, उन्होंने सितंबर में गुवाहाटी में भारत के खिलाफ 68 गेंदों में शतक जड़ा। मैथ्यू फोर्ड और आमिर जंगू को भी अपना पहला इंटरनेशनल रिटेनर कॉन्ट्रैक्ट मिला है। पिछले एक साल में, वेस्टइंडीज के लिए दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट (टी 20 और वनडे) में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज फोर्ड रहे; उन्होंने 20 इंटरनेशनल में 10 और वनडे में 6 विकेट लिए। जंगू ने जून में एंटीगा में श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 233 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में सुर्खियां बटोरीं। रोस्टन चेस के साथ उनकी 401 रनों की साझेदारी ने टेस्ट क्रिकेट में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दूसरी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के टेस्ट मैच में भी उन्होंने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और पहले दिन का खेल खत्म होने तक 111 रन बनाकर नाबाद रहे। कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स और जोमेल वारिकन अपने-अपने दो साल के अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आखिरी साल में पहुँच गए हैं। ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्ट और विटेल लॉज़ को डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट दिए गए हैं।

विंडीज ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा, हसन के 6 विकेट पर जंगू का शतक अभी भारी

नई दिल्ली, 6 नवंबर। बांग्लादेश और वेस्टइंडीज की टीमें मौजूदा समय में दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही हैं। इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश आई है। पहला मुकाबला खेला जा चुका है जिसे वेस्टइंडीज ने आठ विकेट से अपने नाम किया था। दूसरा मैच सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है जिसका आज दूसरा दिन था। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश की टीम ने 40 ओवर की बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 88 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश की ओर से तौहीद ह्रदोय और मुश्फिकुर रहीम बल्लेबाजी कर रहे हैं। रहीन 19 और तौहीद 29 रनों पर नाबाद हैं। तंजीम हसन तमीन ने 16, नयीम हसन ने पांच और कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स, समार जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने 1-1 विकेट हासिल किए। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने 24 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 90 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। मेहदी हसन मिराज और तस्कीन अहमद को दो-दो विकेट मिले। इन दोनों गेंदबाजों ने क्रमशः 21 ओवर में 90 और 31.4 ओवर में 82 रन खर्चे। तैजुल इस्लाम और नईम हसन को कोई भी विकेट नहीं मिला।

राजस्थान स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में जयपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

फाइनल मुकाबलों में युगल और एकल वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, कई जिलों के खिलाड़ियों ने दर्ज की जीत

जयपुर, 6 नवंबर। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर की डीएमआर बैडमिंटन में आयोजित राजस्थान स्टेट सब जूनियर (अंडर-15) बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 में शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जयपुर, जोधपुर, झुंझुनूं, नागौर, भीलवाड़ा, कोटा, बीकानेर, दौसा सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बालक एकल वर्ग के फाइनल में जयपुर के युवराज सिंह शेखावत ने दौसा के कान्हा गुर्जर को सीधे दो गेमों में 15-13, 15-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका एकल वर्ग के फाइनल में जोधपुर की लुक्षिता भारद्वाज ने जयपुर की खुशी शर्मा को 15-4, 15-6 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

बालक युगल वर्ग के फाइनल में जयपुर के हर्ष कंडपाल एवं उत्कर्ष सिंह राठौड़ ने झुंझुनूं के वर्धित एवं वर्षित को कड़े मुकाबले में 5-15, 16-14, 15-13 से हराकर खिताब जीता। बालिका युगल वर्ग के फाइनल में जोधपुर की कियारा गोयल एवं लुक्षिता भारद्वाज की जोड़ी ने जयपुर की ओजस्विता दुबे एवं पर्ल पारीक को 15-6, 15-10 से हराया।

मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में कोटा की सात्विक अग्रवाल एवं जोधपुर की लुक्षिता भारद्वाज की जोड़ी ने नागौर के आनंद मादेरणा एवं भीलवाड़ा की यश्विता मेवाड़ा को 15-10, 15-9 से पराजित कर खिताब हासिल किया।

सेमीफाइनल मुकाबलों में भी खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। बालक एकल में कान्हा गुर्जर ने सात्विक अग्रवाल को 15-11, 15-4 से हराया। बालिका एकल में लुक्षिता भारद्वाज ने पद्मजा सिंह को 12-15, 15-10, 16-14 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खुशी शर्मा ने रिद्धि बत्रा को 15-5, 15-11 से पराजित किया। बालक युगल में वर्धित एवं वर्षित ने आनंद मादेरणा एवं युवराज सिंह शेखावत को 15-12, 7-15, 15-12 से हराया। वहीं हर्ष कंडपाल एवं उत्कर्ष सिंह राठौड़ ने जिग्यास यादव एवं लक्ष्य राज सिंह नाथावत को 15-7, 15-7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मिक्स्ड डबल्स में आनंद मादेरणा एवं यश्विता मेवाड़ा ने वैभव अग्रवाल एवं काव्या चौधरी को 15-8, 15-10 से हराया, जबकि सात्विक अग्रवाल एवं लुक्षिता भारद्वाज ने अमन गुर्जर एवं साक्षी सिंह को 15-4, 15-11 से पराजित किया। आयोजन समिति के सचिव दिनेष यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान में बैडमिंटन की उभरती प्रतिभाओं को देखने का अवसर मिला

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बिहार के कप्तान होंगे वैभव सूर्यवंशी, 17 सदस्यीय टीम घोषित



पटना, 6 नवंबर। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए बिहार की सीनियर टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। बिहार क्रिकेट संघ ने शुक्रवार को प्रतियोगिता के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। सूरज कश्यप को उपकप्तान बनाया गया है। पहली बार वैभव बिहार की सीनियर टीम की अगुवाई करेंगे। बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि वैभव ने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और परिपक्वता का परिचय दिया है। कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें एक क्रिकेटर और नेतृत्वकर्ता के रूप में आगे बढ़ने का नया अवसर देगी। उन्हें उम्मीद है कि वैभव की अगुवाई में टीम अनुशासित, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी प्रदर्शन करेगी तथा आगामी सत्र में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। बिहार क्रिकेट संघ की सीनियर चयन समिति की बैठक 6 नवंबर को हुई, जिसमें खिलाड़ियों के ट्रायल और पिछले प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद टीम को अंतिम रूप दिया गया। चयन समिति के अध्यक्ष हरविंदर सिंह और सदस्य अमिताभ विजयवर्गीय बैठक में मौजूद रहे, जबकि चयनकर्ता एस. शरत ने टेलीफोन के माध्यम से हिस्सा लिया। चार से छह नवंबर तक हुए ट्रायल और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद टीम चुनी गई।


मुंबई के क्रिकेट संग्रहालय में दिखेंगी गांगुली, द्रविड़ और धोनी की ऐतिहासिक जर्सी



मुंबई, 6 नवंबर। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) और मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के संयुक्त प्रयास से क्रिकेट प्रेमियों को खेल के इतिहास से जुड़ी कुछ अनमोल धरोहरों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय की चुनिंदा ऐतिहासिक वस्तुओं की विशेष प्रदर्शनी 14, 15 और 17 नवंबर को एमसीए शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में आयोजित की जाएगी। संग्रहालय पहुंचने वाले आम लोगों को इन ऐतिहासिक वस्तुओं के साथ संग्रहालय के बढ़ते क्रिकेट संग्रह को देखने का अवसर मिलेगा। इस प्रदर्शनी में भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों और ऐतिहासिक मुकाबलों से जुड़ी यादगार वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें सौरव गांगुली की वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय जर्सी शामिल है, जिसे उन्होंने वर्ष 2002 में नेटवेस्ट सीरीज जीतने के बाद लॉर्ड्स की बालकनी से लहराया था। इसके अलावा अनिल कुंबले की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टोपी, 1982 में इंग्लैंड और भारत के बीच खेले गए जुबली टेस्ट का पदक, सचिन तेंदुलकर का एकदिवसीय स्वेटर, महेंद्र सिंह धोनी की एकदिवसीय जर्सी और राहुल द्रविड़ की टेस्ट जर्सी भी प्रदर्शनी का हिस्सा होंगी। लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय में संरक्षित ये ऐतिहासिक वस्तुएं क्रिकेट के उन यादगार पलों और महान खिलाड़ियों की विरासत को दर्शाती हैं, जिन्होंने इस खेल के इतिहास को आकार दिया है। इन धरोहरों का भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए विशेष महत्व है।


अंडर-19 एशिया कप में ईशान, सहवाग और रायचंदानी का बेहतरीन प्रदर्शन

भारत ने नेपाल को 10 विकेट से हराया



मस्कट, 6 नवंबर। ईशान सूद की शानदार गेंदबाजी और आर्यवीर सहवाग तथा कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के नाबाद अर्धशतकों की बदौलत भारत अंडर-19 ने शुक्रवार को अंडर-19 एशिया कप के अपने शुरुआती मुकाबले में नेपाल अंडर-19 को 10 विकेट से हरा दिया। ओमान के अल अमरत क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में भारत ने 129 रन का लक्ष्य महज 19.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने वाली भारतीय टीम के लिए ईशान सूद ने शुरुआती ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। हरी घास की हल्की परत वाली पिच पर उन्होंने गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराया और नेपाल के शीर्ष क्रम को मुश्किल में डाल दिया। उनके छह ओवर के शुरुआती स्पेल में नेपाल के तीन शीर्ष बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। शुरुआती कुछ ओवर सावधानी से खेलने के बाद आर्यवीर सहवाग और लक्ष्य रायचंदानी ने नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगानी शुरू कर दी। सहवाग ने स्पिन गेंदबाजों को निशाना बनाते हुए मैदान के सामने की ओर ऊंचे शॉट लगाए। उन्होंने केवल 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर, रायचंदानी ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए स्ट्राइक रोटेट की और सहवाग को आक्रामक अंदाज में खेलने का मौका दिया। दोनों बल्लेबाजों ने नाबाद रहते हुए 115 गेंदों में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत अंडर-19 टीम ग्रुप ए में दो अंकों और 4.170 के सकारात्मक नेट रन रेट के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।

कोकीन सेवन के मामले में क्रिस लिन पर लगा था एक महीने का प्रतिबंध, पुनर्वास कार्यक्रम भी पूरा किया



नई दिल्ली, 6 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के टी20 बल्लेबाज क्रिस लिन को इंग्लैंड में जुलाई में खेले गए टी20 ब्लास्ट फाइनल्स डे के बाद कोकीन सेवन के मामले में एक महीने के निलंबन का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड के क्रिकेट नियामक ने पुष्टि की है कि 36 वर्षीय लिन ने इसके बाद नशामुक्ति और पुनर्वास कार्यक्रम भी पूरा कर लिया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, लिन ने प्रतिबंध की अवधि पूरी कर ली है। लिन का 18 जुलाई को नियमित डोपिंग परीक्षण किया गया था। इसी दिन नॉर्थम्पटनशायर ने फाइनल्स डे के मुकाबले जीतकर तीसरी बार टी20 ब्लास्ट का खिताब अपने नाम किया था। लिन ने उस दिन खेले गए दो मुकाबलों में 39 और चार रन बनाए थे। इसके बाद उनका मूत्र नमूना जांच के लिए फ्रांस की एक प्रयोगशाला में भेजा गया, जहां उसमें बेंजोइलएक्गोनिन पाया गया। यह कोकीन के सेवन के बाद शरीर में बनने वाला एक मेटाबोलाइट है। टी20 ब्लास्ट के तुरंत बाद लिन लंका प्रीमियर लीग में खेलने के लिए श्रीलंका रवाना हो गए थे। हालांकि, गॉल ग्लैडिएटर्स के लिए केवल एक मैच खेलने के बाद 29 जुलाई को पैर में अज्ञात चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। इसके दो दिन बाद क्रिकेट नियामक ने उन्हें उनके नमूने में प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम मिलने की जानकारी दी और अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। करीब तीन सप्ताह बाद लिन ने कोकीन सेवन की बात स्वीकार कर ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह घटना किसी खेल प्रतियोगिता के दौरान नहीं हुई थी और इसका उनके क्रिकेट प्रदर्शन से कोई संबंध नहीं था। लिन ने बताया कि उन्होंने 15 जुलाई 2026 की शाम से 16 जुलाई की सुबह तक कई घंटों के दौरान इस पदार्थ का सेवन किया था। इससे पहले उसी शाम नॉर्थम्पटनशायर की ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जीत के दौरान डुआन जानसन की कम ऊंचाई वाली फुलटॉस गेंद पैर पर लगने के बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।

क्या हार्दिक पांड्या के जाने से मुंबई इंडियंस को खलेगी ऑलराउंडर की कमी?

नई दिल्ली, 6 नवंबर। आईपीएल 2027 की नीलामी से पहले टीमों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली चल रही है। खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेंशन) की समयसीमा 17 नवंबर तक बढ़ा दी गई है, जिससे और अधिक अदला-बदली की घोषणाएं होने वाली हैं। मिनी नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी। अब तक ट्रेड विंडो के तहत कई खिलाड़ी अपनी पुरानी टीम को छोडकर नई टीम के साथ जुड़ गए हैं। इसमें लियम लिविंगस्टोन, कुलदीप यादव और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। इस बीच रिपोर्ट के मुताबिक स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस छोड़ सकते हैं और रिटेंशन की समयसीमा से पहले अर्शदीप सिंह के बदले पंजाब किंग्स में शामिल हो सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पांड्या को क्वालिटी प्लेयर बताया है लेकिन उनका मानना है कि मुंबई को ऑलराउंडर की कमी नहीं खलेगी।